प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
02.10.2023 / प्रादेशिक समाचार बुलेटिन / 18:00बजे

गांधी जंयती

कृतज्ञ राष्ट्र ने आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के राजघाट में सर्व धर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया जहां राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित की।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने संदेश में कहा कि महात्मा गांधी के सत्य और अहिंसा के आदर्शों ने दुनिया के लिए एक नया मार्ग प्रशस्त किया।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि महात्मा गांधी के सत्य और अहिंसा के सिद्धांत औपनिवेशिक शासन के खिलाफ स्वतंत्रता के लिए भारत के संघर्ष में मार्गदर्शक थे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि महात्मा गांधी की शिक्षाएं हमारा मार्गदर्शन करती रहती हैं। उन्होंने कहा, गांधी का प्रभाव वैश्विक है, जो संपूर्ण मानव जाति को एकता और करुणा की भावना को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करता है।

गांधी जंयती–2

इधर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल व मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने शिमला के रिज मैदान पर स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर उन्हें श्रद्धाजंलि अर्पित की। इस अवसर पर राज्पाल ने कहा कि महात्मा गांधी के स्वदेशी, स्वराज, आत्मनिर्भरता और स्वच्छता के सिद्धांत सभी को प्रेरित करते है।

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि महात्मा गांधी के नेतृत्व व अहिंसा के प्रति समर्पण ने भारत के स्वतत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने लोगों से महात्मा गांधी के आर्दशों को अपने जीवन में अपनाने का आहवान किया।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष व सांसद प्रतिभा सिंह ने लोगों से महात्मा गांधी के सत्य व अहिंसा के सिद्धांतों का अनुसरण करने का आहवान किया है। मंडी में गांधी जयंती पर आयोजित सर्वधर्म सभा में उन्होंने कहा कि देश में एकता व अखंडता बनाए रखना ही महात्मा गांधी को सच्ची श्रद्धाजंलि होगी।

मुख्य संसदीय सचिव आशीष बुटेल ने पालमपुर में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पाजंलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि देश के स्वतंत्रता आंदोलन में महात्मा गांधी के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता।

शास्त्री जंयती

वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनकी सादगी, राष्ट्र के प्रति समर्पण और जय जवान, जय किसान का प्रतिष्ठित आह्वान आज भी पीढ़ियों को प्रेरित करता है।

इधर राज्यपाल शिवप्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शिमला में शास्त्री चौक स्थित लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री ने जय जवान जय किसान का नारा देकर देश को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री सादगी का उत्कृष्ठ उदाहरण थे जिन्होंने देश को कर्त्वयनिष्ठा का संदेश दिया।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज गांधी जंयती के अवसर पर शिमला नगर निगम के लिए 4 गारबेज कॉम्पेक्टर्स को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये गारबेज कॉम्पेक्टर्स एक करोड़ 40 लाख रूपए खर्च कर शिमला स्मार्ट सीटी प्रोजेक्ट के तहत खरीदे गए है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक कॉम्पेक्टर की क्षमता 14 क्यूबिक मीटर है, और ये लगभग 12 टन कूड़ा एक बार में शिमला स्थित भरियाल अपशिष्ट प्रसस्करण संयंत्र तक ले जाने की क्षमता रखता है। उन्होंने कहा कि इनके इस्तेमाल से न केवल कूड़ा प्रबंधन में सुधार आएगा बल्कि परिवहन लागत भी घटेगी। उन्होंने कहा कि नगर निगम शिमला में बेहतर अपशिष्ट प्रबंधन के लिए खरीदे गए ये गारबेज कॉम्पेक्टर्स शिमला को स्वच्छ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए सक्रियता से कार्य कर रही है और स्वच्छता को बढ़ावा व विभिन्न सुविधाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है।

हर्षवर्धन

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा है कि सिरमौर जिले के राजगढ़ क्षेत्र को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जाएगा। आज राजगढ़ में जन सुनवाई के दौरान उन्होंने कहा कि सिरमौर जिले में अनेक पर्यटन स्थल है जिन्हें विकसित करने की आवश्यकता है। उन्होंने राजगढ़ क्षेत्र में उद्योग स्थापित करने के लिए अधिकारियों को ज़मीन तलाशने के निर्देश दिए। हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि उद्योग स्थापित होने से स्थानीय लोगों को घर–द्वार पर ही रोजगार के अवसर मिलेंगे। इस दौरान उन्होंने अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही निपटारा किया।

बिंदल

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल ने प्रदेश सरकार पर बेरोजगारी दूर करने की गांरटी को पूरा न करने का आरोप लगाया है। एक बयान में उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हर साल एक लाख युवाओं को नौकरी देने का वायदा किया था, जिसे अभी तक पूरा नहीं किया गया है। बिंदल ने कहा कि नौकरी देने की बजाय राज्य सरकार ने एक हजार 8 सौ 50 कोविड वॉरियर्ज को नौकरी से निकाल दिया है जो निदंनीय है।

मुख्यमंत्री–आश्रय योजना

मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू कल शिमला के रिज मैदान में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित सुख आश्रय योजना के राज्य स्तरीय समारोह का शुभारम्भ करेंगें। सामाजिक न्याय एंव अधिकारिता मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल भी इस अवसर पर विशेष रूप से मौजूद रहेंगे।

....